Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 198 रायपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## एयरइंडिया की फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी

# रायपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद नहीं खुला गेट, 1 घंटे तक फंसे रहे यात्री

रायपुर, 11 अगस्त (हाईवे चैनल)। दिल्ली से रायपुर आ रही एयर इंडिया विस्तारा की फ्लाइट ढ्ढ-2797 में तकनीकी खराबी आने से यात्रियों में हड़कंप मच गया. रायपुर एयरपोर्ट पर लैंड करने के बाद फ्लाइट का गेट नहीं खुल पाया, जिससे यात्री करीब एक घंटे तक अंदर फंसे रहे. यात्रियों में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव की पत्नी भी शामिल थी. मौके पर लोगों में अफरा-तफरी मच गई. लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इंडिगो के इंजीनियर्स ने फ्लाइट अटेंड कर गेट को खोला, जिसके बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकला गया। जानकारी के मुताबिक, एयर इंडिया विस्तारा की फ्लाइट ढ्ढ-2797 को शाम 7:50 बजे बजे दिल्ली से रायपुर आना था. लेकिन देरी के कारण फ्लाइट रायपुर एयरपोर्ट पर रात 10:15 बजे पहुंची. लेकिन इसके बाद हड़कंप तब मच गया, जब फ्लाइट का गेट नहीं खुला. बताया जा रहा है कि करेंट सप्लाई फेल होने के कारण गेट नहीं खुल रहा था. इसके बाद भीतर यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. विमान में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव की पत्नी भी मौजूद थी।



### विधायक अटल की पत्नी भी थी मौजूद

करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद इंडिगो एयरलाइन के इंजीनियरों की मदद से गेट को खोला गया और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. घटना के दौरान विमान के अंदर यात्रियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल था, जबकि बाहर इंतजार कर रहे परिजन भी परेशान हुए। एआई-2797 के अलावा एआई2455 में भी तकनिकी समस्या सामने आई. तिरुवनंतपुरम से दिल्ली आ रही एअर इंडिया फ्लाइट एआई2455 की रविवार रात चेन्नई में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई. इस फ्लाइट में कांग्रेस सचिव और सांसद केसी वेणुगोपाल सहित कई संसद सदस्य सवार थे. फ्लाइट ने रात 8 बजे के बाद तिरुवनंतपुरम से उड़ान भरी और रात लगभग 10.35 बजे चेन्नई पहुंची. एयरलाइंस ने इसका कारण तकनीकी गड़बड़ी और खराब मौसम बताया गया है।

## संसद से चुनाव आयोग तक मार्च निकालने की कोशिश

# राहुल समेत विपक्षी सांसदों को हिरासत में लिया गया



नई दिल्ली, 11 अगस्त (न्यूज चैनल)। इंडिया ब्लॉक के सांसद चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान वोट चोरी के आरोपों पर अपना विरोध दर्ज कराने के लिए संसद से चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की। हालांकि, पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, संजय राउत और सागरिका घोष सहित अन्य भारतीय ब्लॉक सांसदों को हिरासत में ले लिया, जो एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे और संसद से भारत के चुनाव आयोग तक मार्च निकाल रहे थे।

### ये लड़ाई संविधान बचाने की है : राहुल गांधी

### सरकार कायर है : प्रियंका गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि हकीकत ये है कि वो बात नहीं कर सकते। सच्चाई देश के सामने है। ये लड़ाई राजनीतिक नहीं है। ये लड़ाई संविधान बचाने की है। ये लड़ाई एक व्यक्ति, एक वोट के लिए है। हम साफ़-सुथरी मतदाता सूची चाहते हैं। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि हिम्मत हुई है। सरकार कायर है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि जब तक लोगों के मन में चुनावों की निष्पक्षता को लेकर संदेह है, तब तक चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को नुकसान पहुँच रहा है। अगर ये संदेह दूर हो जाते हैं, तो चुनाव आयोग की विश्वसनीयता फिर से हासिल की जा सकती है। चुनाव आयोग का अपना हित इन सवालों का समाधान करने में है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि चुनाव आयोग को लिखा गया मेरा पत्र सीधा था और मैंने साफ़-साफ़ लिखा था कि सभी विपक्षी सांसद संसद से चुनाव आयोग तक शांतिपूर्ण मार्च निकालेंगे। सभी सांसद चुनाव आयोग को एसआईआर के बारे में एक दस्तावेज़ देना चाहते हैं। यही हमारी माँग थी। मैंने कल शाम को यह पत्र लिखा था और 'चुनाव आयोग', जो अब 'चुराओ आयोग' बन गया है, ने मुझे कोई जवाब नहीं दिया। और अब वे कह रहे हैं कि सिर्फ़ 30 सांसद ही आ सकते हैं। हम चाहते थे कि सभी विपक्षी सांसद सामूहिक रूप से चुनाव आयोग को एक दस्तावेज़ दें। हमें यहीं रोक दिया गया है। हमें चुनाव आयोग नहीं जाने दिया जा रहा है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### जगदीप धनखड़ लापता? संजय राउत ने अमित शाह को लिखा पत्र



नई दिल्ली, 11 अगस्त (न्यूज चैनल)। पिछले महीने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा देने वाले पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के ठिकाने को लेकर शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने चिंता जताई है। सोमवार को उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर उनका पता लगाने की मांग की। संजय राउत ने अमित शाह को लिखे अपने पत्र में कहा कि 21 जुलाई के बाद से धनखड़ के ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि राज्यसभा के कई सदस्यों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन सभी प्रयास विफल रहे। राउत ने कहा कि यह एक गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि पूर्व उपराष्ट्रपति या उनके कर्मचारियों से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। राउत ने पत्र में यह भी कहा कि दिल्ली में ऐसी अफवाहें फैल रही हैं कि धनखड़ को उनके आवास तक ही सीमित कर दिया गया है और वह सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने इन अफवाहों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि देश को सच्चाई जानने का हक है। राउत ने गृह मंत्री से यह सवाल भी किया, आखिर हमारे (पूर्व) उपराष्ट्रपति के साथ क्या हुआ? वह कहां हैं? उनका स्वास्थ्य कैसा है? क्या वह सुरक्षित हैं? राउत ने आगे कहा कि अगर उन्हें सरकार की तरफ से संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो वह इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक रिट याचिका दायर करने पर विचार कर सकते हैं।




चूहा- सुनती हो, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ को संजय राउत लापता कह रहे हैं?
चुहिया- हां जी, लापता हैं तो पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट लिखवानी चाहिए..!

## आनंद शर्मा ने विदेश मामलों के विभाग के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा



नई दिल्ली, 11 अगस्त (न्यूज चैनल)। आनंद शर्मा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को एक पत्र के जरिए अपना इस्तीफा सौंपा। उन्होंने अपने इस्तीफे की वजह बताते हुए कहा कि वे चाहते हैं कि इस विभाग का पुनर्गठन हो, जिससे पार्टी में युवा नेताओं को शामिल होने का मौका मिल सके। अपने पत्र में उन्होंने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे विभाग के पुनर्गठन के लिए यह ज़िम्मेदारी छोड़ रहे हैं। आनंद शर्मा ने यह भी बताया कि उनके नेतृत्व में विभाग ने दुनिया भर के उन राजनीतिक दलों के साथ कांग्रेस के संबंधों को मजबूत करने का काम किया है, जो लोकतंत्र और मानवाधिकारों के मूल्यों में विश्वास रखते हैं। उनका यह कदम ऐसे समय में आया है जब पार्टी आगामी चुनावों के लिए अपनी रणनीति को अंतिम रूप दे रही है। यह देखना दिलचस्प होगा कि उनकी जगह किस युवा नेता को यह अहम ज़िम्मेदारी सौंपी जाती है और पार्टी में क्या बदलाव होते हैं। आनंद शर्मा पार्टी के एक अनुभवी और जाने-माने चेहरे हैं। उनके इस्तीफे से यह संकेत मिलता है कि पार्टी में बदलाव की प्रक्रिया चल रही है और युवाओं को आगे लाने पर ज़ोर दिया जा रहा है। आनंद शर्मा कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य हैं और पिछले चार दशकों से अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर पार्टी का एक प्रमुख चेहरा रहे हैं।

## राजधानी में दोहरी हत्याकांड

# पिज्जा डिलीवरी बॉय की बेरहमी से हत्या, झाड़ियों में अज्ञात युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

रायपुर, 11 अगस्त (हाईवे चैनल)।। राजधानी रायपुर में दो बड़ी वारदातों से सनसनी फैल गई है। पहली वारदात में पैसे देने से इंकार करने पर पिज्जा डिलीवरी बॉय की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वहीं, शहर के एक इलाके से झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

पहली घटना डीडी नगर थाना क्षेत्र की है जहां, पिज्जा डिलीवरी के दौरान एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक हेमंत कोठारी पिज्जा डिलीवरी के लिए गया हुआ था। इस दौरान बदमाश पप्पू यादव ने उससे पैसे मांगे, लेकिन हेमंत ने उसे पैसे देने से इनकार किया। इसके बाद आरोपी पप्पू ने उससे मारपीट करते हुए चाकू से हमला किया। घायल हेमंत को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पप्पू यादव को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

दूसरी घटना रायपुर के रिंगरोड नंबर-2 तेंदुआ गांव की है, जहां झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव पाया गया है। युवक की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष अनुमानित है। पुलिस को हत्या कर शव फेंकने की आशंका है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जिससे मौत के कारणों का पता लगाया जाएगा। यह मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है।

# सगा भाई ने की पारिवारिक विवाद पर भाई की हत्या



दुर्ग, 11 अगस्त (हाईवे चैनल)। पारिवारिक विवाद के चलते सगे भाई ने अपने ही भाई की टांगिया मारकर हत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। आरोपी के खिलाफ धारा १०३(१) बीएनएस की कार्रवाई की गई। मामला पुरानी भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है।

पुलिस के अनुसार दिनांक ९.८.२०२५ की रात्रि ११:३० बजे प्रार्थी का छोटा भाई अभियुक्त शरद कुमार ठाकुर और मंझला भाई आपस में गाली गलौज कर झगड़ कर रहे थे। रात करीबन ११:३० बजे मारपीट होने की आवाज सुनकर प्रार्थी जाकर देखा तो प्रार्थी का छोटा भाई शरद कुमार ठाकुर घर मे रखे लकड़ी फाड़ने के टंगिया से प्रार्थी के मंझला भाई डामन सिंह ठाकुर के गर्दन मे मार रहा था। टंगिया से मारते देखकर प्रार्थी बीच बचाव करने गया तब भी प्रार्थी के सामने गले में टंगिया से मारा। इससे मृतक के गर्दन से खून निकलने लगा। बीच बचाव करते समय अभियुक्त शरद कुमार ठाकुर प्रार्थी को भी टंगिया से मारा जिससे प्रार्थी के पीठ और गाल मे चोट लगा है। मृतक डामन सिंह ठाकुर के गर्दन मे टंगिया से लगे चोट के कारण अचेत हो गया था। उसे उठा कर पानी पिलाया फिर वह सो गया। सुबह सालिक राम देवांगन प्रार्थी के घर आया तब उसे प्रार्थी घटना के बारे में बताया। सालिक राम देवांगन १०८ को फोन कर के बुलाया। १०८ एम्बुलेंस आने पर प्रार्थी और उस की मौसी मां संतोषी मिलकर मृतक डामन सिंह ठाकुर को ईलाज कराने के लिये शासकीय अस्पताल सुपेला लेकर गये। सुपेला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दुर्ग अस्पताल ले जाने के लिये रिफर करने पर दुर्ग अस्पताल लेकर जाते समय रास्ते में डामन ठाकुर के गर्दन में आई चोट के कारण मृत्यु हो गई। प्रार्थी की सूचना पर मर्ग कायम कर हत्या का अपराध घटित होना पाये जाने से उपरोक्त अपराध धारा पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी का बड़ा खुलासा

# राबर्ट वाड्रा ने जमीन सौदे से की 58 करोड़ की अवैध कमाई

नई दिल्ली, 11 अगस्त (न्यूज चैनल)। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा को बढ़ती कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सूत्रों का आरोप है कि उन्होंने गुरुग्राम में संदिग्ध ज़मीन लेनदेन के ज़रिए लगभग 58 करोड़ रुपये अवैध रूप से कमाए। जाँचकर्ताओं के अनुसार, यह मुनाफ़ा उनकी कंपनियों स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएचपीएल) और ब्लू ब्रीज़ ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड (बीबीटीपीएल) के ज़रिए भेजा गया और अपनी कंपनियों या अपने नाम पर आलीशान ज़िंदगी और संपत्ति ख़रीदने पर खर्च किया गया।



15 और 16 अप्रैल, 2025 को पूछताछ के दौरान, वाड्रा ने कथित तौर पर सीधे जवाब देने से परहेज किया और इसके बजाय तीन मृत सहयोगियों - एचएल पाहवा, राजेश खुराना और महेश नागर पर ज़िम्मेदारी डाल दी, यह दावा करते हुए कि उन्होंने उनकी ओर से काम किया था। जब ईडी ने सबूत मांगे, तो वाड्रा कथित तौर पर कोई भी सहायक दस्तावेज़ पेश करने में विफल रहे।


यह मामला गुरुग्राम के शिकोहपुर गाँव में ज़मीन की खरीद, बिक्री और लाइसेंसिंग में कथित अनियमितताओं से उपजा है। सितंबर 2018 में हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज की गई एक प्राथमिकी में वाड्रा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, डीएलएफ लिमिटेड और ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज़ प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी, साजिश और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था। जाँचकर्ताओं का दावा है कि एसएलएचपीएल ने 3.5 एकड़ ज़मीन 7.5 करोड़ रुपये में खरीदी जो उसकी वास्तविक कीमत का आधा है और 45 लाख रुपये की स्टाम्प ड्यूटी से बचने के लिए चेक द्वारा भुगतान की झूठी जानकारी दर्ज की, जिसे कभी भुनाया ही नहीं गया। यह ज़मीन कथित तौर पर तत्कालीन मुख्यमंत्री से व्यावसायिक आवास लाइसेंस हासिल करने के बदले ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज़ को दी गई थी। बाद में, दस्तावेज़ों में हेराफेरी, तारीखें बदलने और नक्शों में फेरबदल करने के बाद, यह संपत्ति डीएलएफ को 58 करोड़ रुपये में बेच दी गई।

# छ्टटी कार्यक्रम में विवाद, पिता-पुत्र पर चाकू से हमला



धमतरी 11 अगस्त (हाईवे चैनल)। बीती रात्रि चाकूबाजी की एक और वारदात हुई है जिसमें पिता-पुत्र गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना के बाद तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गुजरा में कल छट्टी कार्यक्रम में चाकूबाजी हुई। कार्यक्रम में भागीराम साहू 50 वर्ष व उसका पुत्र बीरेन्द्र साहू 25 वर्ष गुजरा निवासी गांव के ही छट्टी कार्यक्रम में शामिल थे। उसी दौरान किसी बात पर उनका विवाद एक युवक साथ हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी जो कि तीन युवक बताये जा रहे है। जिनके द्वारा पिता-पुत्र पर चाकू से हमला किया गया। हमले के बाद लहुलुहान पिता-पुत्र को गुजरा सामुदायिक स्वास्थ्य ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार उपरांत बेहतर उपचार हेतु धमतरी श्री राम हास्पीटल रेफर किया गया जहां उनका उपचार जारी है। सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



### बीती रात गुजरा में वारदात

# प्रधानमंत्री ने किया सांसदों के लिए 184 नए फ्लैटों का उद्घाटन



नई दिल्ली, 11 अगस्त (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली के बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित 184 टाइप-VII बहुमंजिला फ्लैटों का उद्घाटन किया। इस परियोजना का उद्देश्य सांसदों के लिए पर्याप्त आवास की तीव्र कमी को दूर करना और ऊर्ध्वाधर आवास प्रारूप में आधुनिक, पर्यावरण-अनुकूल आवास प्रदान करना है। उद्घाटन के एक भाग के रूप में, प्रधानमंत्री ने परिसर में सिंदूर का पौधा लगाया, निर्माण कार्य में शामिल श्रमजीवियों से बातचीत की और उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

### कुछ लोगों को 'कोसी' में बिहार चुनाव दिखेगा : मोदी

इस दौरान मोदी ने कहा कि अभी कुछ ही दिन पहले मैंने कर्तव्य पथ ओर सामान्य केंद्रीय सचिवालय यानी कर्तव्य भवन का लोकार्पण किया था। आज मुझे संसद में अपने सहयोगियों के लिए इस रिहायशी कॉम्प्लेक्स के उद्घाटन का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि इन 4 टावर्स के नाम भी बहुत सुंदर हैं। कृष्णा, गोदावरी, कोसी, हुगली, भारत की चार महान नदियां, जो करोड़ों लोगों को जीवन देती हैं। अब उनकी प्रेरणा से हमारे जन प्रतिनिधियों के जीवन में भी आनंद की नई धारा बहेगी। विपक्ष पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि कुछ लोगों को परेशानी भी होगी। कोसी नदी पर नाम रखा है, तो उनको कोसी नदी नहीं दिखेगी, उनको बिहार का चुनाव नजर आएगा। ऐसे छोटे मन के लोगों के मन की परेशानियां भी दिखेंगी। नदियों के नामों की परंपरा देश की एकता के सूत्र में हमें बांधती है। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद साथी जिस नए आवास में प्रवेश करेंगे, अभी मुझे उसका एक नमूना फ्लैट देखने का भी मौका मिला। मुझे पुराने सांसद आवासों को देखने का मौका भी मिलता रहा है। पुराने आवास जिस तरह बदहाली का शिकार होते थे, सांसदों को जिस तरह आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नए आवासों में गृह प्रवेश के बाद उनसे मुक्ति मिलेगी। सांसद साथी अपनी समस्याओं से मुक्त रहेंगे, तो वो अपना समय और अपनी ऊर्जा और बेहतर तरीके से जनता की समस्याओं के समाधान में लगा पाएंगे।